# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 243 / गोपनीय / 2020 भोपाल, दिनांक 5-9-20

प्रति,

प्राचार्य / संचालक
विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय
भोपाल (म.प्र.)

**विषय :– सत्र 2019–20 की परीक्षाओं हेतु दिशा–निर्देश।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा, वल्लभ भवन, मंत्रालय, के आदेश क्रमांक–एफ 770–771 / 2020 / 3873 भोपाल, दिनांक 13 / 08 / 2020 के परिप्रेक्ष्य में ओपन बुक पद्धति के तहत आयोजित होने वाली सत्र 2019–20 की परीक्षाओं हेतु महाविद्यालयो के लिये दिशा–निर्देश :–

1. स्नातक प्रथम वर्ष नियमित के विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन कर अंक विश्वविद्यालय को प्रेषित किए जाए।
2. स्नातक प्रथम वर्ष स्वाध्यायी छात्रों का स्नातक प्रथम वर्ष के नियमित छात्रों की तरह ही आंतरिक मूल्यांकन करवाए जाने के उपरांत अंक विश्वविद्यालय में प्रेषित किए जाऐंगे (बिन्दु क्रमांक 04 के समान)।
3. स्नातक द्वितीय वर्ष नियमित स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर नियमित के छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन करवाए जाने उपरांत अंक ऑनलाईन विश्वविद्यालय में प्रेषित किए जाऐंगे।
4. समस्त महाविद्यालय शासन के निर्देशानुसार स्नातक प्रथम वर्ष नियमित / स्वाध्यायी, स्नातक द्वितीय व स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर स्वाध्यायी छात्रों हेतु अग्रेषण केन्द्र के संबंधित विषय के शिक्षक द्वारा असाइनमेंट के लिए प्रश्नपत्र का चयन कर महाविद्यालय के पोर्टल पर कक्षावार, विषयवार एवं प्रश्नपत्रवार अपलोड किए जाए इसके साथ ही परीक्षार्थियों को स्मार्टफोन पर (वाटसएप ग्रुप बनाकर), ई.मेल. पर प्रश्नपत्र प्रेषित करें। मूल्यांकन हेतु असाइनमेन्ट के प्रश्न–पत्र शीघ्र ही छात्रों को उपलब्ध कराए जाए। साथ ही इस आश्य की सूचना समस्त संबंधित परीक्षार्थियों को पंजीकृत मोबाईल की ई.मेल. आई.डी. पर प्रेषित की जाए। संबंधित संपूर्ण कार्यवाही महाविद्यालय के प्राचार्य की मॉनिटरिंग और निगरानी में सुनिश्चित की जाए।
5. अग्रणी महाविद्यालय में एकत्रित असाइनमेंट अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य की निगरानी में संबंधित अग्रेषण केन्द्र को प्रेषित किए जाऐंगे। अग्रेषण केन्द्र के प्राचार्य विषय के शिक्षक से मूल्यांकन कराकर प्राप्तांक ऑनलाईन विश्वविद्यालय को प्रेषित किए जाऐंगे।
6. विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय–सारणी के अनुक्रम में असाइनमेन्ट को संग्रहण केन्द्र में जमा कराए जाने उपरांत अग्रणी महाविद्यालय के माध्यम से मूल्यांकन कराकर अंक ऑनलाईन के माध्यम से विश्वविद्यालय को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।
7. असाइनमेन्ट का पैटर्न – असाइनमेन्ट के प्रत्येक प्रश्नपत्र के अधिकतम अंक उसी प्रश्नपत्र के सैद्धांतिक (Theory) परीक्षा के अधिकतम अंक के समान होंगे।
8. स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर पर पूर्व वर्षो में एक्स / एटीकेटी परीक्षार्थी है तो उसकी परीक्षा भी असाइनमेन्ट के माध्यम से संपन्न कराई जाए।
9. स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष (नियमित) तथा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर (नियमित) के आंतरिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण / अनुपस्थित विद्यार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन के लिए एक अवसर प्रदान करते हुए असाइनमेन्ट स्वीकार किया जाए। मूल्यांकन उपरांत प्राप्तांक संबंधित विश्वविद्यालय को ऑनलाइन प्रेषित किए जायेंगे। समस्त पाठ्यक्रमो के असाइनमेन्ट दिनांक 15.09.2020 एवं 16.09.2020 तक संग्रहण केन्द्रो में जमा होंगे।

निरन्तर – 2

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

10. स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर में जिन पाठ्यक्रमो/विषयो में लघु शोध प्रबंध/प्रोजेक्ट आवश्यक है ऐसे परीक्षार्थी लघु शोध प्रबंध/प्रोजेक्ट/डिजरटेशन नजदीकी संग्रहण केन्द्रो पर निर्धारित समय–सीमा में जमा करेंगे अथवा डाक द्वारा संबंधित जिल के अग्रणी महाविद्यालय के कार्यालय के पते पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। अग्रणी महाविद्यालय प्राप्त सभी लघु शोध प्रबंध/प्रोजेक्ट को संबंधित विश्वविद्यालय/अग्रेषण केन्द्र महाविद्यालय स्तर पर मूल्यांकन करते हुए प्राप्तांक निर्धारित समय–सीमा में ऑनलाइन प्रेषित करेंगे।
11. स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के असाइनमेंट का संधारण मूल्यांकन उपरांत विश्वविद्यालय के नियमानुसार अग्रेषण केन्द्र में किया जाएगा।
12. स्नातक प्रथम वर्ष (नियमित/स्वाध्यायी), स्नातक द्वितीय वर्ष (नियमित/स्वाध्यायी), स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर नियमित, स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर (नियमित/स्वाध्यायी), स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर लघु शोध/प्रोजेक्ट एवं स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर पूर्व वर्षो मे एक्स/एटीकेटी/अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियो को असाइनमेन्ट जमा करना होगा।
13. स्नातक अंतिम वर्ष, स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर नियमित व स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त लॉगइन बेस्ड एस.आई.एस. सिस्टम या निर्धारित वेबसाईट पर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया जाऐगा।
14. स्वाध्यायी परीक्षार्थियो को रोल लिस्ट संबंधित महाविद्यालय की लॉगईन आई.डी. पर उपलब्ध रहेगी।
15. ओपन बुक प्रणाली के तहत स्नातक अंतिम वर्ष तथा परास्नातक अंतिम सेमेस्टर की सभी संकायो (चिकित्सा संकाय के अतिरिक्त) परीक्षाऐं 10 सितम्बर 2020 से आयोजित होना है।
16. समस्त पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्र की सूची 02 दिवस के अन्दर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। यदि कोई प्रश्नपत्र छूटता है तो इसकी जानकारी अविलंब विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराए।
17. जिन पाठ्यक्रमो मे ~~कांफिसिव~~ कॉम्प्रेहेन्सिव, वायवा आयोजित करने है उनके स्थान पर असाइनमेन्ट पद्धति से मूल्यांकन कराकर अंक विश्वविद्यालय को ऑनलाईन के माध्यम से प्रेषित किए जाए।
18. उत्तरपुस्तिका संग्रहण केन्द्र हेतु पावती पत्र अपने स्तर पर तैयार कराए।
19. समस्त कार्यवाही शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशो के अनुरूप कराए जाना सुनिश्चित करे।

(हस्ताक्षर) 4/09/2020

परीक्षा नियंत्रक
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 244/गोपनीय/2020

भोपाल, दिनांक 5-9-20

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुडा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. प्रभारी, आई.टी. सेल, ब.वि.वि. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. कुलपति जी के निज सचिव के माध्यम से मान. कुलपति जी की ओर सूचनार्थ।
4. कुलसचिव जी के निज सचिव के माध्यम से कुलसचिव जी की ओर सूचनार्थ।
5. निजी नस्ती।

S Chauh

उपकुलसचिव (गोपनीय)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।